सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन का स्लैब तैयार

सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई में मेट्रो-३ रेल नेटवर्क का काम काफी तेजी से चल रहा है। आए दिन मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मेट्रो के काम से जुड़े नए-नए आयाम गढ़ रही है। कल मेट्रो-३ के पैकेज ४ के तहत हो रहे सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन के पहले रूट स्लैब का काम पूरा हुआ।

एमएमआरसीएल से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन के ३५७ वर्गमीटर का यह काम ६८ मैट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल कर प्रति घंटा ३६ घनमीटर की तेजी से पूरा किया गया।

एमएमआरसीएल के अनुसार मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग में रूट स्लैब का काम पूरा होनेवाला सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन पहला स्टेशन है।

बता दें कि कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-३ का काम काफी तेजी से चल रहा है। मेट्रो-३ के अंतर्गत कुल २७ स्टेशन आएंगे। मेट्रो-३ पूरी तरह से अंडरग्राउंड है। मेट्रो-३ की कुल लंबाई ३३.५ किमी है लेकिन इसके निर्माण के लिए लगभग ५२ किमी की टनल खुदाई की जानी है। मेट्रो-३ का पहला चरण बांद्रा से सीप्ज जनवरी २०२१ में शुरू करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। इस योजना की कुल लागत २३,१३६ करोड़ रुपए है